Govt. of Jharkhand

# Government Polytechnic, Dhanbad

(Higher & Technical Education Department, Jharkhand)

P.O.-B. Polytechnic, Dhanbad, Jharkhand 828130

पत्रांक :–GPD/107/21-22- 2025 /धनबाद, दिनांक– 20/09/2021

प्रेषक,

प्रभारी प्राचार्य,
राजकीय पोलिटेकनिक, धनबाद

सेवा में,

जिला जन संपर्क पदाधिकारी,
धनबाद।

विषय :– **अंशकालीन व्यख्याताओं को कार्यादेश देने हेतु आवेदन पत्र का आमंत्रण एवं साक्षात्कार की सूचना के प्रकाशन एवं अपने विभागीय पोर्टल पर Upload करने के संबंध में।**

महाशय,

उपरोक्त विषय के संदर्भ में राजकीय पोलिटेकनिक, धनबाद में अंशकालीन व्याख्याताओं से संबंधित विज्ञापन प्रकाशन हेतु भेजी जा रही है।

अतः अनुरोध है कि इसे दैनिक समाचार पत्रों के धनबाद अंक में एक सप्ताह के अन्दर दो दिनों तक प्रकाशित करते हुए अपने विभागीय पोर्टल पर भी Upload करने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन

अनुलग्नक :– 1. सी0डी0 (कुरती 10) एक प्रति
2. संलग्न विज्ञापन की प्रति आवेदन पत्र के विहित प्रपत्र के साथ।

20.9.21
**प्रभारी प्राचार्य**
**राजकीय पोलिटेकनिक, धनबाद**

20/9/21 18.IX.21

विज्ञापनदाता पदाधिकारी का नामः– श्री ब्रज किशोर पाण्डेय

पद का नामः– प्राचार्य, राजकीय पोलिटेनिक, धनबाद।

मोबाईल न0 :– 9835328910

ई–मेल :–polytechnic_dhanbad@yahoo.co.in

पत्र वाहक का नाम :– श्री राम बिनय सिंह

पद का नाम :– च0व0क0

मो0 नं0– 7654499834

20.9.21
**प्रभारी प्राचार्य**
**राजकीय पोलिटेकनिक, धनबाद**

20/9/21 18.IX.21

झारखण्ड सरकार

(उच्च एवं तकनीकी षिक्षा विभाग)

## राजकीय पोलिटेकनिक धनबाद

**Email- polytechnic_dhanbad@yahoo.co.in**

**Ph. No. 0326 2313894**

### विज्ञापन संख्या– 01 (PTL) / 2021

**अंशकालीन व्याख्याताओं को कार्यानुमति के आधार पर चयन हेतु आवदेन–पत्र का आमंत्रण एवं साक्षात्कार संबंधी सूचना :–**

राजकीय पोलिटेकनिक, धनबाद में पठन–पाठन को सुचारू रूप से चलाने के लिए निम्नलिखित विषयों / शाखाओं में अंशकालीन व्याख्याताओं के रूप में शैक्षणिक सत्र 2021–22 के लिए कार्यानुमति देने हेतु ए0आई0सी0टी0ई0 के सुसंगत प्रावधानों एवं विभागीय संकल्प संख्या– 2890 दिनांक–11.12.2015 के आलोक में योग्य अभ्यर्थियों को कार्यानुमति प्रदान करने हेतु दिनांक 09.10.2021 दिन शनिवार को अपराह्न 5:00 बजे तक पूर्ण बायोडाटा (सभी शैक्षणिक प्रमाण–पत्रों एवं यदि शिक्षण का अनुभव प्रमाण पत्र हो तो उसकी स्व–अभिप्रमाणित छायाप्रति) के साथ विहित प्रपत्र में Online / e-Mail Id (polytechnic_dhanbad@yahoo.co.in) /Speed Post/ Registered Post अथवा हाथो–हाथ आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है। अंशकालीन व्याख्याताओं के चयन में झारखण्ड सरकार द्वारा निर्धारित आरक्षण नीति के आधार पर कार्यानुमति निर्गत की जायेगी। सभी उम्मीदवारों को अपने आवेदन पत्र में आरक्षण कोटि यथा, अनुसूचित जाति / अनुसूचित जन जाति, पिछड़ा वर्ग, अत्यंत पिछड़ा वर्ग, EWS, सामान्य वर्ग का उल्लेख करना आवश्यक होगा एवं इससे संबंधित सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण–पत्र की स्व–अभिप्रनाणित छायाप्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना होगा। इस संस्थान में पूर्व से कार्यरत अंशकालीन व्याख्यातागण, जो सत्र 2021–22 में कार्य करने के लिए इच्छुक हैं, को भी पुनः सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्रों एवं अनुभव प्रमाण पत्रों की स्व –अभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ आवेदन पत्र समर्पित करना होगा तथा निर्धारित तिथि को आहूत साक्षात्कार में शामिल होना होगा। साक्षात्कार सिर्फ शैक्षणिक प्रमाण पत्रों एवं अनुभव प्रमाण पत्रों की जाँच के लिए आयोजित की जायेगी। Candidate का Short listing उनके शैक्षणिक एवं अनुभव में प्राप्त अंको के आधार पर किया जायेगा। Shortlisted Candidate को 01 घन्टे का वर्गकार्य लेना अनिवार्य होगा, जिसके लिए कोई मानदेय एवं यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। साक्षात्कार का अंक छात्रों के Feedback के आधार पर दिया जायेगा। छात्रों द्वारा दिये गये Feedback में प्राप्त अंकों के आधार पर ही अन्तिम रूप से मेधा सूची तैयार की जायेगी।

आवेदन प्राप्ति के पश्चात अभ्यर्थियों को निर्धारित तिथि को पूर्वाह्न 11:00 बजे से साक्षात्कार में भाग लेने के लिए सभी मूल प्रमाण पत्रों के साथ राजकीय पोलिटेकनिक, धनबाद के मुख्य भवन (प्रशासनिक भवन) में Covid-19 महामारी को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा दिये गये निम्नांकित निर्देशों का पालन करते हुए साक्षात्कार में उपस्थित होना होगा :–

1. छः फीट की सामाजिक दूरी बनाकर रहना होगा।
2. Face Mask/Face Cover एवं Covid-19 से बचाव हेतु Vaccine का दोनो Dose लगाना अनिवार्य होगा।
3. सेनेटाईजर का प्रयोग करना तथा अपने साथ रखना अनिवार्य होगा।
4. संस्थान में यत्र–तत्र थूकना सख्त मना होगा।
5. सभी अभ्यर्थियों को यह घोषणा पत्र देना होगा कि वे अभी स्वस्थ्य एवं सुरक्षित अनुभव कर रहे हैं तथा उनकी जानकारी मे उनको कोरोना का कोई लक्षण मौजुद नहीं है। साथ ही वे विगत 30 दिनों से Covid-19 के कंटेनमेन्ट जोन में नहीं रहे हैं तथा उनके परिवार के कोई भी सदस्य कोरोना संक्रमित नहीं हैं।
6. इसके अतिरिक्त कोविड–19 से संबंधित अन्यान्य निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।

विभिन्न शाखाओं / विषयों के लिए निर्धारित योग्यता एवं साक्षात्कार की तिथि निम्नलिखित है :–

| क्र0 सं0 | शाखा / विषयों का नाम | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | साक्षात्कार की तिथि |
|---|---|---|---|
| 01 | भौतिकी, रसायन, गणित एवं अंग्रेजी / मानवता | संबंधित विषय में प्रथम श्रेणी स्नातकोत्तर डिग्री। | दिनांक–22.10.2021 के पूर्वाह्न 11:00 बजे से |
| 02 | यांत्रिक, असैनिक, धातुकर्म, कम्प्यूटर विज्ञान एवं अभि0 तथा विद्युत / इलेक्ट्रॉनिक्स अभि0 शाखा | संबंधित शाखा में प्रथम श्रेणी में स्नातक या समकक्ष डिग्री। | दिनांक–23.10.2021 के पूर्वाह्न 11:00 बजे से |

विहित प्रपत्र का प्रारूप, कार्य एवं शर्तें संस्थान के website www.gpdhanbad.ac.in एवं सूचना जनसम्पर्क विभाग के Portal पर देखा जा सकता है।

कार्य एवं शर्तें :–

1. यह कार्यानुमति पूर्णतः अंशकालीन होगी। यह कार्यानुमति किसी भी रिक्त पद के विरुद्ध नहीं होगी। अतएव इस आधार पर नियमित नियुक्ति के दावेदार नहीं होंगे।
2. कार्यानुमति प्राप्त अभ्यर्थियों को प्रति व्याख्यान रू0 400/– (चार सौ रूपये) अधिकतम 60 (साठ) व्याख्यानों का पारिश्रमिक देय होगा।
3. यह कार्यानुमति पत्र निर्गत होने की तिथि से शैक्षणिक सत्र 2021–22 के लिए औपबंधिक रूप से मान्य होगी। संबंधित विषय/शाखा में उक्त पद पर नियमित नियुक्ति/अनुबंध पर नियुक्ति/पदस्थापन/स्थानान्तरण अथवा किसी अन्य तरीके से भरे जाने की स्थिति में या लगातार (07) सात कार्य दिवसों तक बिना सूचना के अनुपस्थित पाये जाने पर बीच में भी यह कार्यानुमति स्वतः रद्द हो जायेगी।
4. कार्यानुमति प्राप्त अभ्यर्थियों को शैक्षणिक कार्य के अतिरिक्त सैद्धांतिक / प्रायोगिक/ सात्रिक कार्यों से संबंधित प्रश्न–पत्र का चयन, उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन एवं अन्यान्य कार्य करना होगा। इसके लिए उन्हें अलग से कोई मानदेय देय नहीं होगा।
5. ट्यूटोरियल, प्रयोगशाला, सेसनल, इनभिजीलेंसन (आंतरिक परीक्षा) जो एकेडमिक कार्य का हिस्सा हैं, उसके लिए प्रति घंटा कार्य को आधा व्याख्यान मानते हुए मानदेय का भुगतान किया जायेगा। परन्तु यह राशि भी अधिकतम 60 (साठ) व्याख्यानों में ही सन्निहित होगी।
6. सरकारी सेवा/प्रतिष्ठानों में कार्यरत कर्मियों को कार्य प्रारंभ करने के पूर्व अपने पैतृक कार्यालय प्रधान द्वारा निर्गत अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
7. साक्षात्कार में भाग लेने के लिए अभ्यर्थियों को किसी प्रकार का यात्रा–भत्ता देय नहीं होगा।
8. संबंधित शाखा/विषयों में उच्च योग्यताधारी/एम0बी0ए0 योग्यताधारी तथा अनुभवी व्यक्तियों को प्राथमिकता दी जायेगी। अभ्यर्थी का कार्यरत रहने की अधिकतम आयु 65 वर्ष होगी।
9. पूर्व में चयनित अंशकालीन व्याख्याताओं का कार्यादेश नये कार्यादेश के लागू होने की तिथि से स्वतः निरस्त हो जायेगा।
10. चयनित अंशकालीन व्याख्याताओं को मानदेय का भुगतान इस आशय का शपथ पत्र समर्पित करने के उपरान्त ही किया जायेगा कि वे राजकीय पोलिटेकनिक, धनबाद के अलावे विभागान्तर्गत किसी भी अन्य राजकीय पोलिटेकनिक/राजकीय महिला पोलिटेकनिक अथवा राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय में अंशकालीन व्याख्याता के रूप में कार्यरत नहीं हैं।

20.9.21

प्रभारी प्राचार्य
राजकीय पोलिटेकनिक, धनबाद

2918
20.9.21

राजकीय पोलिटेकनिक, धनबाद में अंशकालीन व्याख्याता के रूप में कार्य करने हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप

आवेदित विषय/शाखा का नाम :–

पासपोर्ट साईज का रंगीन फोटोग्राफ

1. आवेदक/आवेदिका का नाम :–
2. पिता/पति का नाम :–
3. आरक्षण कोटि (संबंधित प्रमाण पत्र की स्व–अभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।) :–
4. जन्म तिथि :–
5. स्थायी पता :–
6. पत्राचार का पता :–
7. फोन नं0/मोबाईल नं0 :–
8. ई–मेल आई0 डी0 :–
9. शैक्षणिक योग्यता :–
(संबंधित प्रमाण पत्र की स्व–अभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।)

| शैक्षणिक योग्यता | श्रेणी | (अंक) प्रतिशत में | बोर्ड/विश्वविद्यालय |
|---|---|---|---|
| 10th | | | |
| 10+2 | | | |
| B.A./B.Sc. (Science) | | | |
| B.Sc. Engg/B.E./B.Tech | | | |
| M.E./M.Tech. | | | |
| M.A./M.Sc. | | | |
| Ph.D. | | | |

10. शैक्षणिक अनुभव/औद्योगिक अनुभव :–
(अनुभव प्रमाण पत्र की स्व–अभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।)

(क) शोध करने का अनुभव – .................. वर्ष,

(ख) औद्योगिक अनुभव – .................. वर्ष,

(ग) शैक्षणिक अनुभव – .................. वर्ष,

घोषणा :– मै प्रमाणित करता हूँ/करती हूँ कि मेरे द्वारा उपरोक्त भरी गई सभी घोषणाएँ मेरी सर्वोत्तम जानकारी में सत्य है।

स्थान :–

दिनांक :–

आवेदक का हस्ताक्षर